चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक भास्कर | 21-11-25 | 3 | 1-3 |


# स्वस्थ रहने के लिए जीवन शैली में बदलाव जरूरी : प्रो. काम्बोज

## हेल्थ टॉक : 30 वर्ष से अधिक के व्यस्क डायबिटीज जांच कराएं : डॉ. अल्का

भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस हॉस्पिटल व सर्वेश हेल्थ सिटी हिसार ने संयुक्त रूप से हेल्थ टॉक कार्यक्रम किया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में एचएयू के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। मंच पर कैंपस अस्पताल से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रीति मलिक, सर्वेश हेल्थ सिटी से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अल्का बिश्नोई व डॉ. विकास जैन उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि हम अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर अधिकांश बीमारियों से निजात पा सकते हैं। स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिदिन व्यायाम और अनुशासन को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। शिक्षकों को चाहिए कि वे नियमित रूप से विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जानकारी देते रहें। डायबाटोलॉजिस्ट एंड एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, सुपर स्पेशलिस्ट डॉ. अल्का बिश्नोई ने बताया कि डायबिटीज और मोटापा वर्तमान समय के प्रमुख मेटाबॉलिक एवं जीवन शैली से जुड़े विकार हैं, जिनकी जांच व उपचार करवाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इन रोगों के लिए समाज में जागरूकता लाना



कार्यक्रम को संबोधित करते वीसी प्रो. काम्बोज।

जरूरी है। डॉ. अल्का ने बताया कि 30 वर्ष से अधिक के सभी व्यस्कों को डायबिटीज की जांच करानी चाहिए जिसमें खाली पेट व खाने के 2 घंटे बाद का ग्लूकॉज व 3 महीने की औसतन डायबिटीज के तीनों टेस्ट करवाने जरूरी हैं।

वरिष्ठ कंसल्टेंट सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट एवं रोबोटिक सर्जन डॉ. विकास जैन ने कैंसर उपचार की आधुनिक तकनीकों रोबोटिक सर्जरी, मिनिमली इनवेसिव तकनीकी और नई चिकित्सा पद्धतियों पर प्रकाश डाला। कैंपस अस्पताल की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रीति मलिक ने बताया कि हेल्थ टॉक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ते मेटाबॉलिक विकारों- विशेषकर डायबिटीज और मोटापे के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा कैंसर उपचार में आधुनिक एवं रोबोटिक तकनीक के उपयोग के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाना है। कृषि कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने कार्यक्रम में आए सभी का स्वागत किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 21-11-25 | 5 | 1-3 |

## हकृवि में हेल्थ टॉक कार्यक्रम आयोजित

# 'स्वस्थ रहने के लिए जीवन शैली में बदलाव जरूरी'

हिसार, 20 नवंबर (हप्र)



हकृवि में बृहस्पतिवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज।-हप्र

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस हॉस्पिटल व निजी अस्पताल द्वारा संयुक्त रूप से हेल्थ टॉक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। मंच पर कैंपस अस्पताल से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ प्रीति मलिक, निजी अस्ताल से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अल्का बिश्नोई व डॉ विकास जैन उपस्थित रहें। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि हम अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर अधिकांश बीमारियों से निजात पा सकते हैं। डायबाटोलॉजिस्ट एंड एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, सुपर स्पेशलिस्ट डॉ अल्का बिश्नोई ने बताया कि डायबिटीज और मोटापा वर्तमान समय के प्रमुख मेटाबॉलिक एवं जीवन शैली से जुड़े विकार हैं, जिनकी जांच व उपचार करवाना अत्यंत आवश्यक है। वरिष्ठ कंसल्टेंट सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट एवं रोबोटिक सर्जन डॉ विकास जैन ने कैंसर उपचार की आधुनिक तकनीकों रोबोटिक सर्जरी, मिनिमली इनवेसिव तकनीकी पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एसके पाहुजा ने कार्यक्रम में आए सभी का स्वागत किया। मंच का संचालन कनिष्का पुनिया ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 21-11-25 | 3 | 5-6 |

# स्वस्थ रहने के लिए जीवन शैली में बदलाव जरूरी : प्रो. काम्बोज



*कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज*

हिसार, 20 नवम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस हॉस्पिटल व सर्वेश हेल्थ सिटी हिसार द्वारा संयुक्त रूप से हेल्थ टॉक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। मंच पर कैंपस हस्पताल से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ प्रीति मलिक, सर्वेश हेल्थ सिटी से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अल्का बिश्नोई व डॉ विकास जैन उपस्थित रहें।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर अधिकांश बीमारियों से निजात पा सकते हैं।

स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिदिन व्यायाम और अनुशासन को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। डायबाटोलॉजिस्ट एंड एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, सुपर स्पेशलिस्ट डॉ. अल्का बिश्नोई ने बताया कि डायबिटीज और मोटापा वर्तमान समय के प्रमुख मेटाबॉलिक एवं जीवन शैली से जुड़े विकार हैं, जिनकी जांच व उपचार करवाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इन रोगों के लिए समाज में जागरूकता लाना जरूरी है। खराब जीवन शैली की वजह से फेटी लीवर, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कॉलेस्ट्रोल व मोटापे जैसे रोग हो सकते हैं। वरिष्ठ कंसल्टेंट सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट एवं रोबोटिक सर्जन डॉ. विकास जैन ने कैंसर उपचार की आधुनिक तकनीकों रोबोटिक सर्जरी, मिनिमली इनवेसिव तकनीकी और नई चिकित्सा पद्धतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंच का संचालन कनिष्का पूनिया ने किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहें।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 21-11-25 | 12 | 5-6 |

# स्वस्थ रहने के लिए जीवन शैली में बदलाव जरूरी : प्रो. काम्बोज

- हकृवि में कैंपस हॉस्पिटल एवं सर्वेश हेल्थ सिटी द्वारा हेल्थ टॉक कार्यक्रम आयोजित



हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस हॉस्पिटल व सर्वेश हेल्थ सिटी की ओर से संयुक्त रूप से हेल्थ टॉक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। मंच पर कैंपस अस्पताल से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रीति मलिक, सर्वेश हेल्थ सिटी से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अल्का बिश्नोई व डॉ. विकास जैन उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर अधिकांश बीमारियों से निजात पा सकते हैं। स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिदिन व्यायाम और अनुशासन को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। उन्होने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के संतुलित प्रयोग से भी बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सकता है। एक स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए हमें बीमारियों को गम्भीरता से लेना चाहिए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 21.11.25 | 10 | 3-6 |

# स्वस्थ रहने के लिए जीवन शैली में बदलाव ज़रूरी : प्रो. बलदेव राज

## हकृवि में कैंपस हॉस्पिटल एवं सर्वेश हेल्थ सिटी द्वारा हेल्थ टॉक कार्यक्रम आयोजित

हिसार, 20 नवम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस हॉस्पिटल व सर्वेश हेल्थ सिटी हिसार द्वारा संयुक्त रूप से हेल्थ टॉक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। मंच पर कैंपस हस्पताल से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ प्रीति मलिक, सर्वेश हेल्थ सिटी से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अल्का बिश्नोई व डॉ विकास जैन उपस्थित रहें। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर अधिकांश बीमारियों से निजात पा सकते हैं। स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिदिन व्यायाम और अनुशासन को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। उन्होने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के संतुलित प्रयोग से भी बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सकता है। एक स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए हमें बीमारियों को गम्भीरता से लेना चाहिए। बीमारियों से बचने के लिए लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। शिक्षकों को चाहिए कि वे नियमित रूप से विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जानकारी देते रहे। डायबाटोलॉजिस्ट एंड एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, सुपर स्पेशलिस्ट डॉ अल्का बिश्नोई ने बताया कि डायबिटीज और मोटापा वर्तमान समय के प्रमुख मेटाबॉलिक एवं जीवन शैली से जुड़े विकार हैं, जिनकी जांच व उपचार करवाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इन रोगों के लिए समाज में जागरूकता लाना जरूरी है। खराब जीवन शैली की वजह से फेटी लीवर, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कॉलेस्ट्रोल व मोटापे जैसे रोग हो सकते हैं। डॉ. अल्का ने बताया कि 30 वर्ष से अधिक के सभी व्यस्कों को डायबिटीज की जांच करानी चाहिए जिसमें खाली पेट व खाने के 2 घंटे बाद का ग्लूकॉज व 3 महीनें की औसतन डायबिटीज के तीनों टेस्ट करवाने जरूरी हैं। स्वस्थ जीवन शैली व खाने में कॉबोहाइड्रेटस घटा कर काफी हद तक इन रोगों पर काबू पाया जा सकता है। वरिष्ठ कंसल्टेंट सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट एवं रोबोटिक सर्जन डॉ विकास जैन ने कैंसर उपचार की आधुनिक तकनीकों रोबोटिक सर्जरी, मिनिमली इनवेसिव तकनीकी और नई चिकित्सा पद्धतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से सर्जन अत्यधिक चिकित्सा के साथ जटिल ऑपरेशन कर सकते हैं जिससे मरीज का रक्त स्राव कम होता है, दर्द न्यूनतम रहता है, अस्पताल में भर्ती रहने की अवधि कम हो जाती है और रोगी तेजी से स्वस्थ होकर सामान्य दिनचर्या में लौट सकता है। स्वास्थ्य वार्ता के दौरान चिकित्सकों ने नागरिकों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब भी दिया। कैंपस हस्पताल की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ प्रीति मलिक ने बताया कि हेल्थ टॉक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ते मेटाबॉलिक विकारों- विशेषकर डायबिटीज और मोटापे के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा कैंसर उपचार में आधुनिक एवं रोबोटिक तकनीक के उपयोग के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाना है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एसके पाहुजा ने कार्यक्रम में आए सभी का स्वागत किया। मंच का संचालन कनिष्का पुनिया ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहें।



कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 20.11.2025 | -- | -- |


# स्वस्थ रहने के लिए जीवन शैली में बदलाव जरूरी

## हकृवि में कैंपस हॉस्पिटल एवं निजी अस्पताल द्वारा हेल्थ टॉक कार्यक्रम आयोजित



कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस हॉस्पिटल व निजी अस्पताल द्वारा संयुक्त रूप से हेल्थ टॉक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। मंच पर कैंपस हस्पताल से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ प्रीति मलिक, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अल्का बिश्नोई व डॉ विकास जैन उपस्थित रहें।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर अधिकांश बीमारियों से निजात पा सकते हैं। स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिदिन व्यायाम और अनुशासन को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। उन्होने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के संतुलित प्रयोग से भी बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सकता है। एक स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए हमें बीमारियों को गम्भीरता से लेना चाहिए। बीमारियों से बचने के लिए लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। शिक्षकों को चाहिए कि वे नियमित रूप से विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जानकारी देते रहें। डायबाटोलॉजिस्ट एंड एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, सुपर स्पेशलिस्ट डॉ अल्का बिश्नोई ने बताया कि डायबिटीज और मोटापा वर्तमान समय के प्रमुख मेटाबॉलिक एवं जीवन शैली से जुड़े विकार हैं, जिनकी जांच व उपचार करवाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इन रोगों के लिए समाज में जागरूकता लाना जरूरी है। खराब जीवन शैली की वजह से फेटी लीवर, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कॉलेस्ट्रोल व मोटापे जैसे रोग हो सकते हैं। डॉ. अल्का ने बताया कि 30 वर्ष से अधिक के सभी व्यस्कों को डायबिटीज की जांच करानी चाहिए जिसमें खाली पेट व खाने के 2 घंटे बाद का ग्लूकॉज व 3 महीनें की औसतन डायबिटीज के तीनों टेस्ट करवाने जरूरी हैं। स्वस्थ जीवन शैली व खाने में कॉबोहाइड्रेटस घटा कर काफी हद तक इन रोगों पर काबू पाया जा सकता है। वरिष्ठ कंसल्टेंट सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट एवं रोबोटिक सर्जन डॉ विकास जैन ने कैंसर उपचार की आधुनिक तकनीकों रोबोटिक सर्जरी, मिनिमली इनवेसिव तकनीकी और नई चिकित्सा पद्धतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से सर्जन अत्यधिक चिकित्सा के साथ जटिल ऑपरेशन कर सकते हैं जिससे मरीज का रक्त स्राव कम होता है, दर्द न्यूनतम रहता है, अस्पताल में भर्ती रहने की अवधि कम हो जाती है और रोगी तेजी से स्वस्थ होकर सामान्य दिनचर्या में लौट सकता है।

कैंपस हस्पताल की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ प्रीति मलिक ने बताया कि हेल्थ टॉक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ते मेटाबॉलिक विकारों- विशेषकर डायबिटीज और मोटापे के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा कैंसर उपचार में आधुनिक एवं रोबोटिक तकनीक के उपयोग के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाना है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष | 21.11.2025 | -- | -- |

# स्वस्थ रहने के लिए जीवन शैली में बदलाव जरूरी: प्रो. बलदेव राज काम्बोज

## हकृवि में कैंपस हॉस्पिटल एवं सर्वेश हेल्थ सिटी द्वारा हेल्थ टॉक कार्यक्रम आयोजित



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 21 नवम्बर :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस हॉस्पिटल व सर्वेश हेल्थ सिटी हिसार द्वारा संयुक्त रूप से हेल्थ टॉक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। मंच पर कैंपस हस्पताल से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ प्रीति मलिक, सर्वेश हेल्थ सिटी से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अल्का बिश्नोई व डॉ विकास जैन उपस्थित रहें।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर अधिकांश बीमारियों से निजात पा सकते हैं। स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिदिन व्यायाम और अनुशासन को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। उन्होने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के संतुलित प्रयोग से भी बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सकता है। एक स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए हमें बीमारियों को गम्भीरता से लेना चाहिए। बीमारियों से बचने के लिए लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। शिक्षकों को चाहिए कि वे नियमित रूप से विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जानकारी देते रहें ।

डायबाटोलॉजिस्ट एंड एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, सुपर स्पेशलिस्ट डॉ अल्का बिश्नोई ने बताया कि डायबिटीज और मोटापा वर्तमान समय के प्रमुख मेटाबॉलिक एवं जीवन शैली से जुड़े विकार हैं, जिनकी जांच व उपचार करवाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इन रोगों के लिए समाज में जागरूकता लाना जरूरी है। खराब जीवन शैली की वजह से फेटी लीवर, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कॉलेस्ट्रोल व मोटापे जैसे रोग हो सकते हैं। डॉ. अल्का ने बताया कि 30 वर्ष से अधिक के सभी व्यस्कों को डायबिटीज की जांच करानी चाहिए जिसमें खाली पेट व खाने के 2 घंटे बाद का ग्लूकॉज व 3 महीनें की औसतन डायबिटीज के तीनों टेस्ट करवाने जरूरी हैं। स्वस्थ जीवन शैली व खाने में कॉबोहाइड्रेटस घटा कर काफी हद तक इन रोगों पर काबू पाया जा सकता है।

वरिष्ठ कंसल्टेंट सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट एवं रोबोटिक सर्जन डॉ विकास जैन ने कैंसर उपचार की आधुनिक तकनीकों रोबोटिक सर्जरी, मिनिमली इनवेसिव तकनीकी और नई चिकित्सा पद्धतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।